Dainik Jagran, Kolkata, Aug 10 2012

लोयोला टीसीएस आईटी क्विज विजेता

नगर प्रतिनिधि, कोलकाता : जमशेदपुर स्थित लोयोला स्कूल ने कोलकाता में आयोजित टाटा कंसल्टेंसी की आंचलिक आईटी क्विज प्रतियोगिता में बाजी मार ली है। कलामंदिर में गुरुवार हुई प्रतियोगिता में विभिन्न नामी स्कूलों के करीब 500 छात्र छात्राएं शामिल हुए लेकिन जीत दर्ज कराई लोयला के शुभम अग्रवाल और अविरल दासगुप्ता ने।

दोनों को टीसीएस के ग्लोबल कार्यकारी उपाध्यक्ष (मानव संसाधन) अजयेंद्र मुखर्जी व कोलकाता सेंटर प्रमुख श्रीधर बख्शी ने संयुक्त रूप से प्रतियोगिता की विजय ट्राफी और गैलैक्सी नोट पैड प्रदान की।

प्रतियोगिता के दूसरे रनर अप कोलकाता के नेशनल जेम्स हाईस्कूल के सौम्यजीत भट्टाचार्य और देवारुण बनर्जी रहे जिन्हे टीसीएस की ओर से गैलेक्सी टैब बतौर पुरस्कार दी गई। लोयला स्कूल के दोनों छात्र अब कोलकाता अंचल का नेशनल फाइनल में प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। इसमें भाग लेने के लिए बच्चे पूरे साल इंतजार करते हैं।

जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के छात्रों को पुरस्कृत करते टीसीएस के अधिकारी।